

आईपीएल में कर रहे कमेंट्री

पिछले साल नवंबर तक रवि शास्त्री भारतीय टीम के साथ थे। टी20 वर्ल्ड कप के बाद उनका कार्यकाल समाप्त हो गया। भारतीय टीम का प्रदर्शन टूर्नामेंट में कुछ खास नहीं था। पहले मैच में पाकिस्तान और फिर न्यूजीलैंड से हारने की वजह से टीम सेमीफाइनल के लिए भी क्वालीफाई नहीं कर पाई थी। कोच का कार्यकाल समाप्त होने के बाद रवि शास्त्री कमेंट्री बॉक्स में लौट आए हैं। आईपीएल 2022 में शास्त्री हिंदी कमेंट्री कर रहे हैं।

## रवि शास्त्री के अतरंगी अंदाज पर मजे ले रहे फैंस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व मुख्य कोच और ऑलराउंडर रवि शास्त्री किसी न किसी वजह से चर्चा में बने रहते हैं। शुक्रवार की सुबह से ही शास्त्री अपने ट्वीट को लेकर सुर्खियों में है। उन्होंने अतरंगी ड्रेस में एक के बाद एक तीन फोटो शेयर किए। इसमें उनका नया अवतार दिख रहा है। पहली फोटो उन्होंने काला चश्मा, जैकेट और गले में चौन पहने डाली। इसके कैप्शन में शास्त्री ने लिखा– गुड मॉर्निंग वैकल्पिक होता है, जब आप सोते ही नहीं हैं। इसके कुछ देर बाद रवि शास्त्री ने उसी ड्रेस में एक और फोटो शेयर की। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा– मेरी फैमली मुंबई में रहती है और मैं मोमेंट में रहता हूं। पूर्व भारतीय ऑलराउंडर शास्त्री यही नहीं रुके। उन्होंने कुछ घंटे बाद एक और ट्वीट किया। इसमें उन्होंने पिंक कोट पहना था। उनके साथ एक बुजुर्ग महिला भी है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा– आप उसके डीएम में हैं। वह मेरी वीआईपी गेस्टलिस्ट में है। कोई इसे हार्दिक पंड्या से तो कोई रणवीर सिंह से जोड़ रहा है।

# हर्षल पटेल भारत के प्रमुख तेज गेंदबाज बनकर उबरे

क्रिकेट

## आरसीबी के साथ ही भारतीय फैंस का बढ़ा सिरदर्द

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मुंबई। हर्षल पटेल टी20 में भारत के प्रमुख तेज गेंदबाज बनकर उबरे हैं। आईपीएल 2021 में हर्षल ने पर्पल कैप जीता था। रॉयल चौलेंजर्स बैंगलोर के लिए खेलते हुए वह आईपीएल में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज थे। इसके बाद उन्हें भारतीय टीम के लिए भी खेलने का मौका मिला था। भारत के लिए खेले 8 टी20 मैच में वह 11 विकेट ले चुके हैं। लेकिन गुजरात टाइटंस के खिलाफ हर्षल पटेल ने सिर्फ एक ओवर की गेंदबाजी की।

**फील्डिंग के दौरान कटा हाथ:** हर्षल पटेल ने 9वें ओवर में गेंदबाजी करने आए। इस ओवर में उन्होंने 6 रन दिए और गुजरात के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋद्धिमान साहा इसी ओवर में रन आउट हुए। हर्षल मुख्य रूप से अंतिम ओवर में गेंदबाजी करते थे। कप्तान



फाफ डु प्लेसिस ने उन्हें डेथ ओवर के लिए रोककर रखा था। इसी बीच 13वें ओवर में गेंद रोकने के क्रम में हर्षल ने खुद को चोटिल कर लिया और मैदान से बाहर चल गए।

**हाथ से निकल रहा था खून**

हर्षल के दाएं हाथ के गेंदबाज हैं और उनके इसी हाथ में गेंद लग गई। उनके हाथ से लगातार खून निकल रहा था। इसके बाद वह मैदान से बाहर चले गए और फिर वापस नहीं लौटे। उनकी चोट कितनी गंभीर है, अभी तक इसपर आधिकारिक बयान नहीं आया है। अगर उनकी चोट गहरी हुई तो बैंगलोर के लिए परेशानी बढ़ सकती है। टीम अभी प्लेऑफ की रेस में बनी हुई है और हर्षल उसके लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले तेज गेंदबाज हैं।


**जून में भारत के भी मुकाबले:** भारतीय टीम को जून में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 5 टी20 मैच खेलने हैं। उसमें मुख्य टीम के प्रमुख खिलाड़ी हिस्सा नहीं लेंगे। ऐसे में हर्षल पटेल पर बड़ी जिम्मेदारी होगी। दीपक चाहर पहले ही चोट की वजह से बाहर हैं और अब हर्षल लंबे समय के लिए बाहर होते हैं तो टीम इंडिया के लिए भी मुश्किल बढ़ेगी।

## ड्रेसिंग रूम में तोड़फोड़ करना मैथ्यू वेड को पड़ा भारी, बीसीसीआई ने लिया एक्शन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मुंबई। गुजरात टाइटंस के विकेटकीपर बल्लेबाज मैथ्यू वेड को रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के खिलाफ मैच के दौरान इंडियन प्रीमियर लीग की आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए फटकार लगाई गई। आईपीएल के अनुसार, 'वेड ने आईपीएल आचार संहिता के अनुच्छेद 2.5 के तहत लेवल एक का अपराध और सजा को स्वीकार किया। आचार संहिता के लेवल एक के उल्लंघन के लिये मैच रेफरी का निर्णय अंतिम होता है।'

बयान में उल्लंघन का कोई कारण नहीं बताया गया है लेकिन वेड को एलबीडब्ल्यू दिया जाना विवादास्पद था और यहां तक



कि विराट कोहली ने भी उनके प्रति सहानुभूति जताई थी। वेड को यकीन था कि ग्लेन मैक्सवेल की गेंद ने उनके पैड पर लगने से पहले उनके बल्ले को स्पर्श किया था और इसलिए आउट दिये जाने पर उन्होंने निर्णय समीक्षा प्रणाली का सहारा लेने में देर नहीं लगायी थी।

'अल्ट्राएज' में हालांकि यह स्पष्ट नहीं हुआ और तीसरे अंपायर ने मैदानी अंपायर का फैसला बने रहने दिया। इस ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर ने इसके बाद डगआउट में जाते हुए और फिर ड्रेसिंग रूम में अपना गुस्सा दिखाया। उन्होंने ड्रेसिंग रूम पहुंचे तो वहां पर जाकर तोड़ फोड़ मचा दिया। वेड ने पहले जोर से अपना हेलमेट फेंका और उसके बाद अपना बैट कई बार जमीन पर पटका।

टी20 वर्ल्ड कप 2021 के सेमीफाइनल में पाकिस्तान के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया को मुश्किल परिस्थिति से जीत दिलाने वाले वेड का बल्ला आईपीएल 2022 में पूरी तरह शांत रहा है। उन्होंने अभी तक खेली 8 पारियों में 14 की औसत से सिर्फ 114 रन बनाए हैं।

## गिरे कोहली, दर्शक हो गए थे बेचैन,फिर ऐसे किया कमबैक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। आईपीएल 2022 के अहम मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने अंक तालिका में चोटी पर काबिज गुजराट टाइटंस को 8 विकेट से एकतरफा मात दे दी। इस मैच में पूर्व कप्तान विराट कोहली का बल्ला जमकर बोला। उन्होंने शानदार 73 रन बनाए। इस जीत के साथ बैंगलोर ने अपनी प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदों को जिंदा रखा है। इन सबके बीच आज आरसीबी की बैटिंग के दौरान एक अजीब घटना हुई। पारी के 9वें ओवर की तीसरी गेंद पर रन लेने के लिए दौड़ रहे कोहली की भिड़त गेंदबाज साईं किशोर से हो गई जिसके बाद कोहली कुछ देर तक मैदान पर लेटे रहे। यह देखकर फैंस जरूर हैरत में पड़ गए लेकिन कुछ देर बाद विराट ने फिर से मोर्चा संभाल लिया और टीम को शानदार जीत दिलाई। यह देख फैंस भी घबरा गए कि कहीं कोहली को गंभीर चोट तो नहीं आई लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ और कुछ ही देर बाद विराट ने फिर कमान संभाल ली जिसके बाद फैंस चौन की सांस ले सके।

## न्यूज डायरी



## प्र्पल कैप की सूची में हसरंगा पहुंचे टाप पर, चहल दूसरे नंबर पर खिसके

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग के 15वें सीजन में अब तक हुए मुकाबलों में बल्ले और गेंद का जबरदस्त रोमांच देखने को मिला है। इस सीजन में आइपीएल इतिहास की दो सबसे सफल टीमें प्वाइंट्स टेबल में नीचे तो पहली बार खेल रही दो टीमें टाप चार में बने हुए हैं। इस सीजन में अब तक हुए मैचों की बात करें तो यहां कुछ टीमों ने 200 से ज्यादा का स्कोर भी खड़ा किया है तो कुछ 68 जैसे लो स्कोर पर भी आउट हुए हैं। इसलिए हर बार की तरह इस बार भी गेंदबाजों में पर्पल कैप को लेकर होड़ मची हुई है। वर्तमान में इस सूची में एक बार फिर से आरसीबी के गेंदबाज वानिंदू हसरंगा ने कब्जा कर लिया है। गुजरात के खिलाफ मैच में उन्होंने 1 विकेट लेकर अपने विकटों की संख्या 24 कर ली है। अबतक नंबर वन पर रहे चहल नंबर दो पर खिसक गए हैं। हालांकि चहल के खाते में भी 24 विकेट है लेकिन इकोनामी के मामले में हसरंगा चहल से बेहतर हैं।

## मैरीकॉम ने पूछा था कौन निखत जरीन, हक के लिए फेडरेशन से लड़ीं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय महिला बॉक्सर निखत जरीन वर्ल्ड चैंपियन बन गई हैं। 25 साल की निखत ने महिला वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप के 52 किग्रा कैटेगरी के फाइनल मुकाबले में थाईलैंड की जिटपॉन्ग जुटामस को 5–0 से हराया। निखत ने टूर्नामेंट के सभी मुकाबले 5–0 के अंतर से अपने नाम किए। वह वर्ल्ड चौंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतने वाली भारत को चौथी बॉक्सर हैं, लेकिन उनके लिए यहां तक पहुंचने का सफर आसान नहीं था। 2019 वर्ल्ड चैंपियनशिप में मैरीकॉम ने 51 किग्रा कैटेगरी में कांस्य जीता था। इसके बाद बॉक्सिंग फेडरेशन ने मैरीकॉम को ओलिंपिक क्वालिफायर में सीधे भेजने की बात कही थी जो नियमों के खिलाफ है। निखत ने इसके खिलाफ आवाज उठाई और ट्रायल्स की मांग की। मेरीकॉम ट्रायल्स के खिलाफ थीं और यहीं विवाद शुरू हो गया। बॉक्सिंग फेडरेशन को दबाव बढ़ने के बाद ट्रायल्स कराने पड़े लेकिन मैरीकॉम इससे काफी नाराज थीं। उन्होंने मुकाबले में जीत हासिल करने के बाद निखत जरीन से हाथ भी नहीं मिलाया।

## किस्मत के धनी ग्लेन मैक्सवेल को करिश्माई जीवनदान, हर कोई हैरान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। आईपीएल 2022 के 67वें मैच में रॉयल चौलेंजर्स बैंगलोर ने गुजरात टाइटंस को 8 विकेट से हराया। इस जीत के साथ ही बैंगलोर की टीम प्लेऑफ की रेस में बरकरार है। बैंगलोर के लिए विराट कोहली ने 73 रनों की पारी खेलकर फॉर्म में वापसी के संकेत दिए। वहीं ग्लेन मैक्सवेल ने 18 गेंदों पर 40 रनों की नाबाद पारी खेलकर अपनी टीम को जीत दिला दी। मैक्सवेल को पहली ही गेंद पर जीवनदान मिला था। विराट कोहली और फाफ डु प्लेसिस के बीच पहले विकेट के लिए 115 रनों की साझेदारी हुई। राशिद खान ने डु प्लेसिस को आउट कर गुजरात को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरे ग्लेन मैक्सवेल ने पहली ही गेंद पर बड़ा शॉट लगाना चाहा, लेकिन गेंद विकेट पर जाकर लगी। गेंद लगने के बाद लाइट तो जली लेकिन बेल्स नहीं गिरे और मैक्सवेल बच गए।

## प्लेऑफ में पहुंचने के बाद तनाव में लखनऊ, मुंबई तय करेगी आरसीबी का भविष्य

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। आईपीएल 2022 का सीजन अब अपने अंतिम पड़ाव पर पहुंच गया है। अब सिर्फ तीन लीग मैच बाकी हैं, लेकिन प्लेऑफ की टीमें पक्की नहीं हुई हैं। पहली बार टूर्नामेंट में खेल रही गुजरात टाइटंस और लखनऊ सुपर जायंट्स प्लेऑफ में पहुंच चुकी हैं। वहीं मुंबई इंडियंस, चेन्नई सुपर किंग्स, कोलकाता नाइट राइडर्स, सनराइजर्स हैदराबाद और पंजाब किंग्स का सफर समाप्त हो चुका है। प्लेऑफ की दो जगह के लिए अभी भी तीन दावेदार हैं। संजू सैमसन की राजस्थान रॉयल्स के 13 मैच में 16 पॉइंट्स हैं। उनका प्लेऑफ में जाना पक्का दिख रहा है। टीम का आखिरी मुकाबला शुक्रवार को चेन्नई सुपर किंग्स से होगा।